रेलवे बोर्ड ने अवगत कराया कि नई ब्रॉड गेज लाइन की निर्माण लागत (घौलपुर से सरमथुरा) वर्तमान नैरो गेज के उन्नतिकरण एवं नैरो गेज पर रेल संचालन की लागत राज्य सरकार को वहन करनी होगी तथा निम्न दो विकल्पों में से एक पर स्पष्ट अनुशंसा चाही गई थी :

1. धौलपुर से सरमथुरा गेज परिवर्तन के साथ सरमथुरा से गंगापुर सिटी तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन।
2. धौलपुर से सरमथुरा नैरो गेज लाइन को यथावत रखते हुए धौलपुर से सरमथुरा एवं गंगापुर सिटी तक वृद्धिकरण के साथ नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन बिछाना।

राज्य सरकार द्वारा धौलपुर से सरमथुरा गेज परिवर्तन के साथ सरमथुरा से गंगापुर सिटी तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन कार्य के क्रियान्वयन तथा नैरो गेज लाइन को न रखने का निर्णय लिया गया। माननीय रेल मंत्री ने पत्र दिनांक 06.10.2019 के अनुसार रेलवे को इस परियोजना का पुनः आकलन करने के निर्देश दिये।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि धौलपुर से सरमथुरा गेज परिवर्तन के साथ सरमथुरा से गंगापुर सिटी तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के क्रियान्वयन का कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ कर अनुगृहीत करे।

Demand for new railway line 'Ballia to Delhi via Mau'

श्री सकलदीप राजभर (उत्तर प्रदेश) : महोदय, आज देश में रेलवे का चौतरफा विकास लगातार हो रहा है। रेलवे के साथ-साथ सड़कें, हाइवे, एक्सप्रेसवे, हवाई यातायात इन सभी पर तेजी से विकास का काम हो रहा है। इसी कड़ी में मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश के अपने गृह जिला बलिया समेत जनपद मऊ नगरपालिका के दोहरीघाट से तहसील मधुबन, तहसील बेलथरा रोड, तहसील सिकंदरपुर, ब्लॉक मनियर, तहसील बांसडीह, टाउन एरिया-सहतवार, तहसील बैरिया होते हुए बकुलहा घाट, सुरेमनपुर तक नई रेल लाइन के निर्माण के संबंध में मंत्री महोदय से अनुरोध करते हुए कहना चाहता हूं कि इसकी मांग मैं लगातार उच्च सदन के माध्यम से और पत्र के माध्यम से करता आ रहा हूं। पूर्व रेल मंत्री जी के कार्यकाल में भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमोत्तर को जोड़ने के लिए सर्वे भी हुआ था, लेकिन अभी तक इस पर आगे की कार्रवाई रुकी हुई है। यह नई रेलवे लाइन इन्हीं क्षेत्रों से जानी है।

यह अति पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है। यहां बेतहाशा बेरोजगारी है। नई रेलवे लाइन के निर्माण से इन क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास होगा और रोजगार के अवसर खुलेंगे तथा यहां के बेरोजगार जो देश के मेट्रो शहर में रोजी-रोटी के लिए पलायन करते हैं, वह पलायन रुकेगा। मैं 2021 से इसकी मांग करता आ रहा हूं। उक्त सभी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उक्त नई रेलवे लाइन की स्वीकृति यथाशीघ्र करके सर्वे कराया जाए और निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए और बेलथरा रोड रेलवे स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव किया जाए।

MR. CHAIRMAN: The hon. Member, Dr. John Brittas (Kerala), associated himself with the Special Mention raised by the hon. Member, Dr. M. Thambidurai.